हापुड़ में दो जगह कृषि विभाग की छापेमारी; ब्रांडेड कंपनियों के नकली रैपर, खाद, बीज बरामद, एक गिरफ्तार - HAPUR NEWS

हापुड़: कृषि विभाग की टीम ने हापुड़ में दो जगह छापेमारी की है. इस कार्रवाई के दौरान टीम ने भारी मात्रा में सरकारी खाद, पेस्टिसाइड और ब्रांडेड कंपनी के बीजों के नकली रैपर और प्लास्टिक के कट्टे बरामद किए हैं. कृषि विभाग की टीम को काफी दिनों से सूचना मिल रही थी की सरकारी और ब्रांडेड खाली रेपर में नकली माल भरकर सप्लाई हो रहा है. इस दौरान टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. एक मकान पर सीलिंग की कार्रवाई की गई है.

जानकारी के मुताबिक, जिला कृषि अधिकारी गौरव प्रकाश अपनी टीम और पुलिस प्रशासन की टीम को लेकर थाना हापुड़ देहात के मोहल्ला उपासना बिहार में पहुंचे. जहां पर एक बंद मकान पर छापेमारी की गई. छापेमारी के दौरान बंद मकान से भारी मात्रा में नकली खाद, पेस्टिसाइड और बीज सहित अन्य चीजों के नकली रैपर बरामद हुए.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/agriculture-department-raids-hapur-fertilizer-seeds-pesticides-recovered-one-arrested-uttar-pradesh-news-ups25062500582